ऐ अल्लाह के रसूल , अल्लाह हक़ बात से शर्माता नहीं है। यदि स्त्री का स्वप्नदोष हो जाए , तो क्या उसपर स्नान है ? अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः हाँ , यदि उसे पानी (वीर्य) दिखाई दे।

उम्मे सलमा (रज़ियल्लाहु अंहा) कहती हैं कि अबू तलहा (रज़ियल्लाहु अंहु) की पत्नी उम्मे सुलैम (रज़ियल्लाहु अंहा) अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) के पास आकर कहने लगीं◌ः ऐ अल्लाह के रसूल , अल्लाह हक़ बात से शर्माता नहीं है। यदि स्त्री को स्वप्नदोष हो जाए , तो क्या उसपर स्नान है ? अल्लाह के रसूल (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः "हाँ , यदि उसे पानी (वीर्य) दिखाई दे। "

[सहीह] [इसे बुख़ारी एवं मुस्लिम ने रिवायत किया है।]

उम्मे सुलैम अंसारी नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) से एक मसला पूछने आईं। चूँकि उनका प्रश्न गुप्तांग से संबंधित था और आम तौर पर उसका नाम लेने में हया महसूस की जाती है , इसलिए उन्होंने प्रश्न करने से पहले प्रश्न की भूमिका बाँध ली , ताकि सुनने वालों पर उसका अधिक प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहाः निश्चय अल्लाह तआला जो कि सत्य है , सत्य के ज़िक्र में , यदि उसके ज़िक्र में कोई फ़ायदा हो , शर्म नहीं करता। इस भूमिका के पश्चात मूल विषय शुरु करते हुए कहती हैं ◌ः यदि महिला सपने में देखे कि वह किसी से संभोग कर रही है , तो क्या उसपर स्नान अनिवार्य है ? उत्तर देते हुए नबी (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने फ़रमायाः हाँ , उसपर स्नान वाजिब है , जब वीर्य देख ले।

http://www.sunnah.global/hadeeth/hi/show/3351